बामर लारी एण्ड कं० को हुआ घाटा

2476. **श्रीमती सत्या बहिन :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बाताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बामर लारी एण्ड कं० लि० को उत्पादन स्थगन के दौरान कितना वित्तीय घाटा हुआ है ;

(ख) क्या यह सच है कि बामर लारी एण्ड कं० लि० ने सिलेंडरों में होने वाले रिसाव की जांच करने के लिए रिसाव परीक्षण मशीन खरीदी थी परन्तु उसे उपयोग में नहीं लाया गया ; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या सरकार गैस सिलेंडरों के विनिर्माण के लिए विख्यात मथुरा स्थित इस कम्पनी को निजी क्षेत्र को सौंपने का विचार रखती है ; और

(घ) क्या सरकार द्वारा बीमार घोषित की गई कम्पनियों की सूची में बामर लारी एण्ड कम्पनी का नाम शामिल है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) दिनांक 12-8-1992 और 30-11-1992 के बीच उत्पादन विलंबन के दौरान मथुरा में कम्पनी के सिलेंडर और स्टोव प्रभाग को हुई हानि लगभग 25 लाख रुपए होने का अनुमान है ।

(ख) नवम्बर, 1991 में स्थापित रिसाव परीक्षण मशीन मई, 1992 तक प्रचालन में थी परन्तु उसके बाद इसका इस्तेमाल फालतू पूर्जों के उपलब्ध न होने के कारण नहीं किया जा सका।

(ग) सरकार ने ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया है ।

(घ) जी, नहीं ।

बामर लारी एण्ड कंपनी का बंद किया जाना

2477. **श्रीमती सत्या बहिन :** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बाताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बामर लारी एण्ड कम्पनी को बंद किया जा रहा है ; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उत्पादन की गुणवत्ता के बारे में की गई शिकायतों के आधार पर सिलिंडरों का उपादन नौ बार स्थगित किया गया है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या यह भी सच है कि यह कम्पनी निर्धारित लक्ष्य से अधिक उत्पादन कर रही है और अपने कर्मचारियों को उत्पादकता लाभांश भी दे रही है; यदि हां, तो जब-जब ऐसा लाभांश दिया गया तब-तब इसके उत्पादन की स्थिति क्या थी ;

(घ) क्या इसके उत्पादन में कोई कमी आई है ; तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या यह भी सच है कि बामर लारी कर्मचारी संघ में 30 बार सरकार का ध्यान इस कम्पनी के घटते हुए उत्पादन तथा इसमें व्याप्त कुप्रबन्धन की ओर दिलाया था ; यदि हां, तो उस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है और क्या सरकार कम्पनी के कार्यों की केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जांच कराने का विचार रखती है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) जी, नहीं ।

(ख) बाटलिंग संयंत्र में रिसाव वाले सिलिंडरों का पता चलने के कारण मथुरा स्थित बामर लारी एण्ड कम्पनी लि० की इकाई में एल० पी० जी० सिलिंडरों का उत्पादन नौ अवसरों पर निलम्बित किया गया था ।

(ग) जी, नहीं। मथुरा स्थित एल० पी० जी० सिलिंडर की निर्माण इकाई में बजट उत्पादन लक्ष्य प्राप्त नहीं हुए हैं। तथापि, "उत्पादकता संयोजित प्रोत्साहन योजना" के अनुसार कामगार "उत्पादन बोनस" के पात्र थे।

(घ) मुख्य तौर से सिलिंडरों के लिए अनियमित आदेशों और कम उत्पादकता के कारण उत्पादन में कमी हुई है।

(ङ) जी, नहीं।

वर्तमान लोकसभा के चुनावों की अधिसूचना जारी होने के पश्चात् दी गई गैस एजेंसियां पैट्रोल तथा गैस कनैक्शन

2478. श्री राम गोपाल यादव : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान लोक सभा के चुनावों की अधिसूचना जारी होने के पश्चात् कितनी गैस एजेंसियां तथा कितने पेट्रोल पम्प और गैस कनेक्शन दिए गए हैं ;

(ख) क्या इन सभी आदेशों का क्रियान्वयन हो रहा है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द): (क) पेट्रोल/डीजल खुदरा बिक्री केन्द्र --86
एल० पी० जी० की डिस्ट्रीब्यूटरशिपें--114
एल० पी० जी० के कनेक्शन--14.33 लाख

(ख) और (ग) उपर्युक्त में से 49 खुदरा बिक्री केन्द्रों और एल० पी० जी० की 28 डिस्ट्रीब्यूटरशिपों को समीक्षा के लिए स्थगित कर दिया गया है।

Utilisation of Natural Gas and Commitments made

2479. SHRI RAM RATAN RAM : Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state :

(a) what is the Statewise utilisation of Natural Gas:

(b) what is the commitment given by government to various consumers in each State; and

(c) reasons for not making any commitment to important projects of Uttar Pra-desli like the power plant in Greater Noida ?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND): (a) and (b) There is no Statewise allocation/utilisation of gas. Various units located in a number of States have been allocated gas. These States are Assam (8.89 MMSCMD). Andhra Pradesh (4.09 MMSCMD), Delhi (4.0 MMSCMD), Gujarat (20.62 MMSCMD), Haryana (2.0 MMSCMD), Maharashtra (19.)7 MMSC MD), Madhya Pradesh (5.5 MMSCMD), Tripura (5.14 MMSCMD). Tamil Nadu/ Pondichoiy 11.34 MMSCMD) and Uttar Pradesh (17.05 MMSCMD). Against these allocations of approx. 93 MMSCMD, the current utilisation of gas is approx. 40 MMSCMD.

(c) In view of the commitments already made, and the availability of gas along the HBJ pipeline, this allocation of gas could not be made.

Setting up of a Gas Distribution System for Small Industries in various parts of Uttar Pradesh

2480. SHRI RAM RATAN RAM : Will [he Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state :

(a) whether Government are considering any proposal for setting up a gas distribution system to feed hundreds of small industries in Kan pur, Ferozabad, Agra, KhiirJH. Ghaziabad and Noida areas of Uttar Pradesh:

b) if so, by when gas distribution sys-em would be operative; and

(c) if not, the reasons for not establishing a gas distribution network which would not only improve the efficiency of the glass, foundary, ceramics and other industries of the area but would also help in cuibing pollution which is damaging Taj Mahal?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKAR ANAND) : (a) and (b) There is no such proposal. However, natural gas is being supplied to some industries in Ghaziabad.